श्री केशव प्रसाद शुक्ल (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आतंकवादी और विध्वंसकारी क्रियाकलाप (निवारण) संशोधन विधेयक, 1985 का समर्थन करता हूं । आतंकवादी गतिविधियों से हमारे देश को कितना नुकसान हुआ है यह सबको मालूम है । हमने पंजाब में इसका भयंकर तांडव नृत्य देखा है जहां पर हजारों निरीह निरपराध लोगों की हत्याएं हुई हैं और उसी कड़ी में हमारी महान नेता, श्रीमती इन्दिरा गांधी का बलिदान भी आता है । ऐसी गतिविधियों से देश को खतरा है, देश की एकता और अखंडता को खतरा है और उनको रोकना सरकार का परम कर्तव्य है । इसी से इस आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए पिछले सत्र में लोक सभा और राज्यसभा दोनों में एक विधेयक पास किया गया । आतंकवादी और विध्वसकारी क्रियाकलाप (निवारण) विधेयक पास किया गया लेकिन उसको उस समय काश्मीर में लागू नहीं किया गया था । इसलिए यह विधेयक संशोधन के रूप में लाया गया है। यह बहुत छोटा सा विधेयक है । इसको बहुत तूल दिया गया है और इसमें बहुत से राजनीतिक मसले लाए गए हैं । मैं उस तूल में जाना नहीं चाहता । इसपर आपस में बहुत विवाद हो चुका है । मैं तो केवल इसलिए इसका समर्थन करता हूं कि यह विधेयक पहले ही काश्मीर में लागू कर देना चाहिए था, किन्तु संविधान का आर्टिकल 370 जो है उसके कारण काश्मीर की एक स्पैशल स्थिति होने के कारण उस समय इसको लागू नहीं किया गया था और पूरे हिन्दुस्तान में इसको लागू किया गया था । यह एक लैक्यूना रह गया था । काश्मीर हमारा एक सेंसटिव पार्ट है और वह हमारे देश का अभिन्न अंग है । वहां पर ऐसी कार्यवाहियां सुनने में आती हैं और अखबारों में पढ़ने में आता है जिससे स्पष्ट है कि पाकिस्तान की गिद्ध दृष्टि उस पर लगी हुई है और अभी 15 तारीख को आपने पढ़ा होगा कि वहां पर पाकिस्तानी झंडे फहराए गए और वहां पर पकिस्तान की मांग करने वाले शायद कुछ लोग मौजूद हैं जो आतंकवादी गतिविधियों से देश की अखंडता को खतरा पैदा कर रहे हैं । इसलिए ऐसी सूरत में ऐसी पाकिस्तानी कार्यवाहियों को बंद करने के लिए काश्मीर में इस एक्ट का लागू करना जरूरी था और इसीलिए वह लागू किया जा रहा है ।

इस अधिनियम में, जैसा कि संशोधन किया गया है, जो दंड की व्यवस्था की गई है वह बहुत उपयुक्त है । हमारे देश में जो पहले का दंड विधान है उस में हत्या, आगजनी, लूटपाट इत्यादि के लिए कुछ विधान है, लेकिन इस प्रकार की आतंकवादी गतिविधियों के लिए विधान नहीं था । आतंकवादी गतिविधियां क्या हैं इसकी परिभाषा नहीं थी । इसमें इसकी परिभाषा की गई है और उसके लिए दंड की जो व्यवस्था की गई है वह बहुत उचित है । उसमें हत्या के आरोप में आपने आई० पी० सी० के अधीन कारावास का दंड रखा था, किन्तु आतंकवादी गतिविधियों के कारण यदि कोई हत्या की जाती हैं और आतंकवादी के खिलाफ अपराध सिद्ध हो जाता है तो उसे केवल मत्यु दंड की सजा दी जाएगी, यह प्रावधान इसमें रखा गया है । ऐसा करने से लोगों को मालूम होगा कि अगर आतंकवाद से हत्या होने का आरोप सिद्ध हो जाएगा तो मृत्युदंड ही मिलेगा । ऐसी जानकारी लोगों को होनी चाहिए और इसलिए दंड का जो विधान रखा गया है उसका मैं समर्थन करता हूं ।

इसके अलावा और दूसरी जो गतिविधियां हैं जिनमें विध्वंसात्मक कार्यवाही होती है तो उसके लिए तीन साल की सजा कम से कम और आजन्म कारावास की सजा रखी गई है । इसी तरह से अगर हत्या की साजिश करना या हत्या के लिए उत्तेजित करना या हत्या के काम के लिए प्रेरित करने की जहां तक बात है, ऐसे आरोप सिद्ध होने पर उस व्यक्ति को कम से कम पांच साल की सजा और अधिक से अधिक आजन्म कारावास की सजा दी जा सकती है । यह अच्छा कदम है । हमारे देश में जो आतंकवादी गतिविधियां हैं उनको कड़ाई के साथ रोकने के लिए यह प्रावधान बहुत उत्तम है और मैं इसका समर्थन करता हूं ।

हिंसा की राजनीति प्रजातंत्र में लागू नहीं होती । प्रजातन्त्र में हर व्यक्ति को अपनी मांगें चाहे वे आर्थिक हों या राजनीतिक रखने का अधिकार होता है । जो विविध जन हैं देश में उनको अधिकार हैं कि वे अपनी मांगों को रखें लेकिन उनमें हिंसा का समावेश होना दुखदायी है । इस तरह की बात नहीं होनी चाहिए । लेकिन जब आन्दोलन शुरु होते हैं तो उनमें आगे चलकर कुछ असामाजिक तत्व हावी हो जाते हैं और वे देश की सम्पति और जीवन के हितों का ध्यान नहीं रखते । इससे जनतन्त्र को बड़ा नुकसान पहुंचता है । आंदोलनकारी अपनी मांगे मनवाने के लिए आन्दोलन करते हैं, लेकिन उस आन्दोलन में हिंसा का स्थान नहीं होना चाहिए । वह आन्दोलन अहिंसक होना चाहिए । पंजाब में हमने देखा कि अकालियों ने अपनी राजनीतिक और आर्थिक मांगों को लेकर जो आंदोलन किया उसमें कुछ आतंकवादी शामिल हो गए । उन्होंने अकालियों को बदनाम किया, लेकिन बाद में हम अपने नेता राजीव गांधी को धन्यवाद देते हैं कि उनकी सूझबूझ और उदारता के दृष्टिकोण से जो समझौता पंजाब के बारे में लोंगोवाल जी के साथ किया, जिसमें उन्होंने अपनी दूरदर्शिता का परिचय दिया, उस से आतंकवाद का पर्दा फाश हुआ और यह मालूम हुआ कि वे समाजविरोधी तत्व थे जो बाहरी ताकतों के सहारे पंजाब में उत्पात कर रहे थे और अब वे अलग-थलग पड़े हुए हैं । इस तरह से पंजाब में जो आतंकवादी गतिविधियां थीं उनकी जड़ में कुठाराघात करने का प्रयास किया गया है । वह एक प्रशंसनीय कदम है और इसलिए मैं अपने नेता को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने यह बहुत ही दूरदर्शितापूर्ण काम किया और अपने देश की अखंडता और एकता की रक्षा करने के लिए कदम उठाया । उसके लिए वे हम सबके धन्यवाद के पात्र हैं । मैं समझता हूं कश्मीर में जो विघटनकारी तत्व और आतंकवादी तत्व हैं इस विधेयक के पास होने के बाद उनको आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलेगा ।

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं । आपने इस संबंध में

[श्री केशव प्रसाद शुक्ल

बोलने का समय दिया उसके लिए आपका धन्यवाद करता हूं ।

SHRI YALLA SESI BHUSHANA RAO (Andhra Pradesh); Madam Deputy Chairman, the Government has now introduced this Terrorist and Disruptive Activities (Prevention) Amendment Bill to enlarge the scope of the Terrorist and Disruptive Activities (Prevention) Act which we passed in last March to the State of Jammu and Kashmir. Madam that was the time when the terrorist movement was at its height in the country and everybody said that some steps were necessary to crush the terrorist. Likewise, we also appealed that instead of mere Acts, it is necessary to have politico-socio-economic settlement here. Likewise, our Prime Minister rightly sought an agreement with the Akalis and he defused the terrorist activities there. But mere enactment of legislation or passing this Bill cannot prevent the terrorists as they are a mad lot, a desperate lot and we cannot prevent their activities through a political settlement only. We can only defuse the situation. Still the terrorist danger is there in the country.

Madam, my humble submission is that we miserably failed in preventing the terrorist activities. That is why we lost the precious life of our Prime Minister. Then there were the bomb blasts in Delhi. And after the passing of the legislation, the latest one was that our MP, Shri Lalit Maken, along with his wife was shot dead brutally in open daylight in the Capital. So, there is something lacking in our Police Force and in our Intelligence Force, and drastic changes are necessary in the Intelligence and the police Force. We say that you punish a terrorist deterrently. But a terrorist who is a misguided youth, is prepared for his life and he is not afraid of anything. So, this is necessary to prevent such a thing and social consciousness is necessary and awareness in the people is necessary in order to see that terrorists are eliminated. Then there is another aspect. Madam, I humbly submit that there is an intelligence report that we lost he precios life of our Prime in Delhi there are hundreds of terrorists who came across the border to Delhi in order to do some mischief in the Capital before the 15th August. It is a fact. It has been revealed in the reports of the Intelligence Department. But unfortunately not even one terrorist has been traced uptill now. What has happened to these hundred terrorists? So it is clear that there is some lethargy, there is some inaction, there is some wrong in the police machinery. We have therefore, to see and the Government has to see that the police machinery rnd the intelligence machinery become more alert.

Madam Deputy Chairman, by this Amendment Bill we are extending the Act to the State of Jammu and Kashmir. Kashmir is an important border State. They have got a sensitive appeal also. But in Kashmir the Government has committed a grave Kashmir there is no people's Gov-history. It has to be corrected. In mistake, the previous Government, and there,is a grave mistake in the ernment. It is not the wish of the people. We passed an Anti-Defection Bill. We wanted clean politics in the country. But the whole Cabinet is a defector Cabinet and nobody can say that there is a legitimate Government. Technically one can say that there is a Government but it is a puppet Government.

SHRI DEBA PRASAD RAY (West Bengal): On a point of order, Madam, what has happened in Kashmir, was not defection. Even as per the Anti-Defection Bill, that has been interpreted as... *(Interruptions^.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Shawl, his point of order is addres sed to the Chair. *(Interruptions).* Either you should decide or I should decide. No, you please sit down. Mr. Shawl you have already spoken. If a Member has to ask something on a point of older, it is for the Chair to decide. Please sit down. *(Interrup tions).* It is all right. Let him make his point.

Kashmir people say that it is a splinter Government. But this is the land of Mahatmaji. This is the country of some moral values. Are we conscious that it is a defection or moral turpitude, selling of the people to one Government? In this way the country will not flourish. What we speak, we must act on. I feel that every Member of the other side if they think correctly and conscientiously they can appreciate it. Definitely I wish our Prime Minister, who is expecting clean politics, will do something on this sensitive issue so as to usher in a new Government in Kashmir and have elections on the hasis of the will of the people and let them decide. With these words, Madam, I say that prevention of defection and cleanlines in politics is necessary and proper reorganisation of police is necessary. Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN. Shri Hashim Raza Abidi Allahabidi—not present. Shri Sukhdev Prasad.

श्री सुखदेव प्रसाद (उत्तर प्रदेश) : मैडम डिप्टी चेयरमैन, आज जो बिल हाउस में पेश हुआ है, उसके सम्बन्ध में मैंने अपने विभिन्न साथियों के विचार सुने । उनके विचारों से यह लगा कि एक, बात तो सर्वसम्मत हैं कि इस बिल को जम्मू काश्मीर में लागू करने का औचित्य है । लेकिन जो शंकायें हमारे साथियों ने प्रकट कीं, उससे यह लगता है कि जब से यह ऐक्ट लागू हुआ तब से इसमें बहुत सारी गड़बड़ी पैदा की गई । लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि जब पिछले साल आपका बिल पास हुआ और उसके बाद वह लागू हुआ तब से लेकर अब तक कितनी गड़बड़ियां इसके तहत हुई हैं ? मैं समझता हूं कि कोई माननीय सदस्य इस बात के लिए तैयार नहीं है कि कोई इस बात का सबूत दे कि इसका कहीं मिसयूज हुआ हो । तो फिर जब बिल का अमेंडमेंट जम्मू-कश्मीर तक ले जाते हैं तो फिर इस में शुबाह की गुंजाइश कहां रह जाती है । मेरे बहुत सारे साथियों ने इस बात को उठाया और इस बात की शुबाह पैदा की कि इसका मिसयूज होगा और जम्मू-काश्मीर में इसको लागू नहीं किया जाना चाहिये । यह बिल गलत है । लेकिन मैं यह पूछना चाहता हूं जो मुल्क के अन्दर इस तरह की आतन्कवादी गतिविधियों हो रही हैं और उस बिल को जो लागू किया गया, उसके तहत गिरफ्तारियां हुई, बहुत सारे लोग मारे गये तो क्या आप यह समझते हैं कि रुलिंग पार्टी के ही लोग मारे गये या वहां आतंक में हमारी जनता पार्टी के नेता या भारतीय जनता पार्टी के नेता या दूसरे हमारी पार्टियों के नेता मारे गये ? इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि इसमें सभी पार्टियों के लोग मारे गये । अगर दो राय नहीं हैं तो इसमें शुबाह करने की कोई गुंजाइश नहीं । जहां तक इस बात का प्रश्न है कि जम्मू-काश्मीर में इसे क्यों लागू किया जा रहा है, इसके औचित्व के बारे में और अधिक नहीं कहना है । लेकिन मैं यह चीज अपने काश्मीर के शाल साहब से जो मेरे साथी हैं, उनसे पूछना चाहता हूं कि आपने इस बात के लिये बहुत जोर दिया है कि यह करप्ट गवर्नमेंट है। मैं पूछना चाहता हूं कि यह ये जो गुल शाह के समय में कांड हो रहे हैं क्या इसके पहले कभी नहीं हुए ? हमारे हाकी के प्लेयर जो दूसरे देश के साथ मैच खेल रहे थे उनके साथ वहां क्या तमाशा हुआ ? क्या यह गुल शाह के समय में हुआ ? कश्मीर शहर में जो बहुत सारी आतंकवादी गतिविधियां हुईं उसमें कितने ही लोग मारे गये उस समय क्या आपकी जिम्मेदारी नहीं थी ? क्या इसमें गुल शाह सरकार की सारी जिम्मेदारी थी ? मैं दूसरी चीज यह जानना चाहता हूं कि क्या आप इस बात को नहीं महसूस करते हैं कि जो पाकिस्तान में आतंकवाद का प्रशिक्षण हो रहा है जो उनको तालीम दी जा रही हैं वे यहां आ कर पंजाब के रास्ते, राजस्थान के नाते, कश्मीर के नाते हमारे देश में हिडरेंस पैदा नहीं कर रहे हैं ? अगर वे हिडरेंस पैदा कर रहे हैं तो क्या हमारा यह फर्ज नहीं है कि हम साईचिन के लिये उन पर दबाव डाल सकें ? पाकिस्तान से मिल कर, कश्मीर के जो हमारे बहुत से नाजुक प्वाइंट हैं उनके बारे में उन पर दबाव डाल सकें ? अगर हम उनके बचाव के लिये, अपने हिस्से को बचाने के

[श्री सुखदेव प्रसाद]

लिये, आतंकवाद के खिलाफ कोई बिल लाते हैं, कोई कानून पास करते हैं तो क्या गुनाह करते हैं ।

मैं एक बात और निवेदन करना चाहता हूं कि मुल्क के अन्दर जिस तरह की परिस्थितियां चल रही थीं, आज मुझे खुशी है हमारे युवा प्राइम मिनिस्टर ने किसी तरह से उन पर काबू पाया और काबू पाने के साथ-साथ आज मुल्क राहत की सांस ले रहा है, पंजाब राहत की सांस ले रहा है, असम राहत की सांस ले रहा है और कुछ और छोटी-मोटी चीजें होंगी, मेरा ख्याल है कि उनकी सूझबूझ से सारे मसले हल हो जायेंगे ।

जहां तक मुल्क में ला एंड आर्डर का प्रश्न है इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि आतंकवादी आज देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के हर मुल्क में अपना पंजा जमा रहे हैं । शायद कोई मुल्क ऐसा बचा हो जिसमें आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियां तेज न की हों । हर मुल्क अपने मुल्क की हिफाजत के लिए इस तरह का कानून उनके खिलाफ पास कर रहा है, उनके खिलाफ एक्शन ले रहा है। उसी के तहत हिन्दुस्तान भी अपने कानून बना कर मुल्क के अन्दर एक्शन ले रहा है और मेरा ख्याल है कि बहुत जल्द इस पर काबू पा लिया जाएगा । —इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं । मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमारे कुछ साथी भले ही कुछ बातों में मतभेद जाहिर करते हों, लेकिन जहां तक इस बिल की मंशा है, उससे वे सहमत होंगे ।

श्री धर्मचन्द्र प्रशस्त (जम्मू और काश्मीर) : उपसभापति महोदय, आज जो विधेयक सदन में पेश किया गया है उसका समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं । यह अच्छा किया गया है । यह विधेयक जम्मू-काश्मीर पर भी लागू किया गया है । लेकिन मुझे इसमें शंकाएं हैं । मैं माननीय मंत्री जी से कहूंगा कि वे उनका कुछ समाधान कर दें । आर्टिकल 370 के अन्दर कोई भी विधेयक यहां पर पेश होता है तो वह वहां लागू नहीं होता है । यह एक दो विधेयक है जिसमें यह लिखा है कि This will not apply to Jammu and Kashmir. मैं यह जानना चाहता हूं कि बाकी विधेयकों में आपने यह क्यों नहीं लिखा ? इसका मतलब यह है कि बाकी विधेयक जब यहां पर पास हो जाते हैं तो वे वहां पर लागू हो जाएंगे । सिर्फ यही विधेयक वहां पर लागू नहीं होगा मैं समझता हूं कि ऐसी कोई बात नहीं है । सन् 1975 में अब इमरजेन्सी डिक्लेयर हुई तो वह जम्मू काश्मीर पर भी लागू हो गई थी । मैं समझता हूं कि उस वक्त उस बिल में यह नहीं लिखा था कि यह जम्मू-काश्मीर पर लागू नहीं होगा । जब इस विधेयक के बारे में कुछ नहीं लिखा गया तो यह समझा गया कि जम्मू-काश्मीर में टेरोरिज्म, आतंकवाद नहीं है, इसलिए वहां पर लागू नहीं हो रहा है । बाद में हमारे संसद्-सदस्य श्री घावे जी ने पूछा तो कानून मंत्री जी ने बताया कि यह विधेयक आर्किटल 370 के अन्दर लागू नहीं हो रहा है । इसका मतलब यह है कि आर्टिकिल 370 के अन्दर कोई भी बिल लागू नहीं होगा । मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि यह जो आर्टिकल 370 है, जिस वक्त यह आर्टिकल पास हुआ, when it was incorporated into the constitution of india यह ड्राफ्ट कांस्टिट्यूशन में नहीं था । उस वक्त सेन्टर में श्री गोपालस्वामी आयंगर मिनिस्टर थे । वे जम्मू-काश्मीर में छः साल तक प्राइम मिनिस्टर रहे थे । बड़े कम्पीटेन्ट प्राइम मिनिस्टर थे । उन्होंने वजा तौर पर कहा कि यह जो आर्टिकल 370 हम रख रहे हैं यह टेम्परेरी और ट्रांजिसनल हैं । इस वक्त जम्मू काश्मीर का केस यू०एन०ओ० में है । जैसे ही वहां से यह मामला हट जाएगा, यह आर्टिकल भी हट जाएगा । मैं यह पूछना चाहता हूं कि अब आप इसको कितने साल तक टेम्परेरी दर्जा देना चाहते हैं ? इसकी लिमिट कितनी है ? स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू जी से एक संसद् सदस्य ने पूछा था कि इस धारा को आप उड़ा क्यों नहीं देते है ? उन्होंने कहा कि यह घिसते-घिसते घिस जाएगा । श्री गोपालस्वामी आयंगर ने कहा था कि यह टेम्परेरी और ट्रांजिसनल है । पांच

साल पहले शेख अब्दुल्ला ने जब वे जम्मू-काश्मीर के चीफ मिनिस्टर थे ऐसेम्बली के अन्दर लिखित बयान में कहा था कि This article is not sacrosanct. इस आर्टिकल में दो चीजें हैं। एक जम्मू काश्मीर का स्पेशज दर्जा है और एक इसकी नागरिकता का सवाल है। जहां तक स्पेशल स्टेटस का संबंध है, मैं इसके विरुद्ध नहो हूं। यह रहे। यह इसलिए नहीं कि यह मुस्लिम मेजोरिटी का स्टेट है, बल्कि इसलिए कि यह बैकवर्ड स्टेट है, पाकिस्तान से घिरा हुआ है। यह स्पेशल स्टेटस रहे बेशक, लेकिन नागरिकता का सवाल हमारे सामने है। उस दिन गृह मंत्री जी ने कहा था कि सारे भारत की नागरिकता एक है। जम्मू काश्मीर में यह स्थिति नहीं है। बाहर का कोई भी आदमी वहां जमीन नहीं खरीद सकता है, भारत का कोई नागरिक वहां जमीन नहीं खरीद सकता है चाहे वह राष्ट्रपति ही क्यों न हो। एक इंच जमीन भी नहीं खरीद सकता है। आप सुनिये, बाद में बोलिये।

उसके बाद इसकी जो नागरिकता है वह यह है कि 1947 में जितने लोग पाकिस्तान से भारत में चले आये तो वे यहां के नागरिक हो गये। लेकिन यहां से उन्हें बाहर जाना पड़ा क्योंकि वे यहां रह नहीं सकते थे। लेकिन 30 हजार हरिजन परिवार यहां आकर सेट हो गये। वे वहां 37 सालों से सेटल हैं वहां बैठे हुए हैं, बार्डर पर हैं, लेकिन वे वहां के नागरिक नहीं है। 37 साल पहले जो व्यक्ति आया था, उसके लड़के हुए, लड़के के भी लड़के हुए, तीन जनरेशंस हो गई हैं, लेकिन वे वहां के नागरिक नहीं हैं। वे वहां पर कोई सरकारी ठेका नहीं ले सकते हैं, वे किसी इलेक्शन में वोट नहीं दे सकते हैं, चाहे वह पार्लियामेंट हो, चाहे असेम्बली हो, चाहे टाउन एरिया हो, चाहे म्युनिस्पैलिटी कमेटी हो, वे कहीं भी वोट नहीं दे सकते। यह इसलिये कि वे वहां बाहर से आये हैं। अब जैसे एक लड़की है, उसकी शादी रियासत से बाहर हो जाती है तो इससे उसके सारे अधिकार खत्म हो जाते हैं उसके वहां नागरिकता के जो सारे अधिकार हैं, जायदाद के जो अधिकार हैं वह बिल्कुल खत्म हो जाते हैं। अगर लड़की विधवा हो जाय तो जब तक वह रियासत में दूसरी शादी न कर ले तब तक वह वहां की नागरिक नहीं रह सकती। ये विषय हैं जो सभी के अन्दर चल रहे हैं। मेरी यह मांग है कि जो बिल आप पास करते हैं उन सब पर आप लिखिये इट बिल नाट अप्लाइ टू जे एण्ड के, यह ट्रांजिशनल टेम्पोरेरी प्रोविजन है, इसका प्रबन्ध कर दिया जाए ताकि पता लगे कि यह टेम्परेरी है इसलिये मैं आपसे यही कहूंगा कि जहां तक 370 की स्प्रिट का सम्बन्ध मुझे पता नहीं था। मैंने इस पर तीन किताबें पढ़ी हैं। लेकिन इस पर भी इसकी स्प्रिट का मुझे नहीं पता था। एक आदमी ने, ही वाज वन आफ दि आथर्स आफ दि आर्टिकल 370 उन्होंने समझा तो पता लगा कि इसके अन्दर क्या स्प्रिट है। अब मुझे पता है। लेकिन मैं भारत सरकार से यह कहूंगा कि आप यह जो 370 आर्टिकल है इसको उड़ा दें। काश्मीर का दर्जा एक स्टेट का रखें। इस 370 आर्टिकल के अन्दर कई हत्यायें हो रही हैं लोगों के अधिकार छीने जा रहे हैं इसलिए मेरा निवेदन है कि आप आर्टिकल 370 को हटा दें ताकि वे लोग जो यहां रह रहे हैं वे पूरी तरह से यहां के नागरिक रह सकें।

SHRI ARIF MOHD. KHAN: Madam Deputy Chairman, I am thankful to the hon. Members who have taken part in the disussion, thankful to those who have supported the Bill and also thankful to those who have criticised and opposed the Bill because they have also enlightened us about many aspects. I am sure that while implementing the provisions of thir Bill whatever)ia3 been discussed in the House will always be kept in view.

प्रशांत जी ने पूछा है कि कानूनी दिक्कत क्या थी इस विधेयक को उस समय, जब यह बाकी पूरे देश पर लागू हुआ था, उस समय काश्मीर पर लागू करने में। संविधान की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत यह संसद विधेयक बनाने का

[Shri Aril Mod. Khan]

अधिकार हासिल करती है और उसी के अन्तर्गत यह राय थी कि काश्मीर पर कानून लागू करने के लिये, खासतौर से, आतंकवाद से संबंधित जो धारा है, उसमें जिस एन्ट्री से संसद अधिकार प्राप्त करेगा वह एन्ट्री उस लिस्ट में नहीं है, जिस लिस्ट में हर रियायत की हुकूमत की मर्जी के और उनकी रजाबन्दी, उनसे सलाह किये बगैर हम कानून बना सकें।

The hon. Members have objected and taken exception to this legislation being issued in the form of an Ordi nance. Many hon. Members have said that since Parliament was going to meet, where was the need to issue an Ordinance? Madam, I feel that when Parliament had put its seal of approval in the last Session, vhe Par liament had made its intention known. In fact, I do not know about this hon. House, but in the other House many hon. Members had mo ved amendments saying that the scope of the Act should be extended to the State of Jammu and Kashmir also. Even Members belonging to the party of Mr. Shawl, also did not object to the scope of the Act being extended to the State of Jammu and Kahsmir, though they were critical of the State Government. But Mem bers belonging to the Opposition par ties also had demanded this and while responding to the points made by the hon. Members from the Oppo sition, the Law Minister had assured that it was intended to be done after the Act was passed. The procedure to be followed in achieving the object of extending- the whole of the Act to the State of Jammu and Kashmir was considered in consultation with the Ministry of Law and Jusitce. it was considered that some amendment to the Constitution (Application to Jammu and Kashmir) Order 1954 would be required before the Act could be made applicable to that State. Madam, after taking all those steps, which were required, the Ordinanace was issued. This was discussed ui very great detail. Today the purpose of coming t_0 Parliamnet with this legislation is very limited—i.e. to extend the scope of this Act to Jammu and Kashmir State. As far as the main body of the Act is concerned, both Houses of Parliament had discussed it in details and had put their seal of approval of it.

अश्विनी जी ने जिन्होंने शुरुआत की थी मैं उन्हीं की बात से आ रहा हूं। अश्विनी जी ने भी कहा और भी माननीय सदस्यों ने धारा 370 के बारे में कहा। महोदया, मैं पहले ही निवेदन कर चुका हूं कि आज हम धारा 370 पर चर्चा करने के लिए जमा नहीं हुए हैं। आज इस चर्चा का उद्देश्य बहुत सीमित है एक ऐसा कानून जिसके ऊपर दोनों सदन अपनी राय पहले ही दे चुके हैं कुछ संवैधानिक अड़चनों के कारण जिसको हम एक विशेष राज्य तक नहीं बढ़ा पा रहे थे उसके लिए इस सदन की अनुमति लेना, लेकिन हम यह मानते हैं कि यह इससे सम्बन्धित मामला नहीं है। लेकिन इतना जरूर कहना चाहता हूं कि हमारे संविधान में पूरा चेप्टर ही है जो इस स्पेशल और टेम्पोरेरी प्रोविजन से डील करता है और उसमें एक राज्य नहीं है हमारे देश के कई एक राज्य हैं कई एक क्षेत्र हैं जिन के ऊपर इन टेम्पोरेरी प्रोविजंस को लागू किया जाता है लेकिन आज चूंकि उस पर चर्चा नहीं हो रही है इस इसलिए मैं उसके विस्तार में नहीं जा रहा हूं। इसलिए यह जो सवाल किया गया है कि उस धारा को कब तक खत्म किया जाएगा मैं समझता हूं उसके लिए उचित व्यक्ति मैं नहीं हूं कि मैं उसका जवाब दे सकूं। मैं तो वही बात दोहराउंगा जो बात सरकार बार बार कह रही है जो सरकार का स्टैंड है वह यह है कि हम इसके बारे में कोई विचार नहीं कर रहे हैं। अब एक बात यहां पर तकरीबन सभी दलों से सम्बन्ध रखने वाले माननीय सदस्यों ने जोर दे कर कही है और वह बात यह है कि यह कहा गया कि आतंकवाद को खत्म

करने के लिए केवल कानून से आतंकवाद को खत्म नहीं किया जा सकता। बार-बार यह कहा गया है कि पंजाब की समस्या का समाधान अगर बातचीत से हुआ आसाम की समस्या का समाधान हुआ तो बातचीत से हुआ फिर कानून की क्या जरूरत है । मैं यह मानता हूं पहली बात तो यह है कि इस कानून का उद्देश्य असम समस्या, पंजाब समस्या काश्मीर समस्या या देश के किसी दूसरे क्षेत्र में पनप रही किसी समस्या से निपटने के लिए यह कानून नहीं बनाया गया है ।

यह कानून लाया गया है आतंकवाद की समस्या से निपटने के लिए । इसका ऐसी किसी समस्या से कोई संबंध नहीं है जहां कोई राजनीतिक मांगें रखी गई हों, किसी क्षेत्र के विकास के लिए कोई मांगें रखी गई हों, किसी राजनीतिक दल द्वारा मांगें रखी गई हों ।

मैं दोनों को मिलाने से इन्कार करता हूं और मैं यह समझता हूं और इसीलिए यह गौर कर रहा था कि ज्यादा देर तक चर्चा काश्मीर की घटनाओं पर चलती रही, इस विधेयक से संबंधित चर्चा कम हुई।

मैं फिर इस बात को दोहराना चाहता हूं कि इस विधेयक का उद्देश्य है—किसी क्षेत्र की समस्या को हल करना, उसके लिए दूसरे तरीके हैं और सबसे महत्वपूर्ण तरीका है हमारे लिए, हम बार-बार दोहराते हैं बातचीत का जरिया । बातचीत के तरीके से अपनी समस्याओं का—लेकिन कभी-कभी ऐसे होता है कि किसी क्षेत्र में कोई राजनीतिक आंदोलन चल रहा है, किसी दल द्वारा अगर ऐसा आंदोलन चलाया गया, उस वक्त जब समाज-विरोधी, हिंसा में विश्वास रखने वाले तत्व आतंकवाद का सहारा लेकर उस मौके का फायदा उठा कर अपराध कर जाते हैं, आतंकवाद की घटनाएं कर जाते हैं, मासूमों की जान ले लेते

हमारे इस विधेयक को लाने का उद्देश्य यही है कि हम इन तत्वों की कार्यवाइयों को नियंत्रित कर सकें, उनका मुकाबला कर सकें, उनको रोक सकें ।

दूसरी बात, मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि चूंकि बार-बार यह बात की गई है कि बातचीत के जरिए ऐसे मामलों को ज्यादा सुलझाया जा सकता है, सरकार के पास अगर यह शक्ति होगी कि सरकार उन साजिशों का मुकाबला करने की शक्ति रख सके जो साजिशें हिंसात्मक और आतंकवाद के तरीकों से की जा रही हैं, तो फिर शायद उन तत्वों को हम काबू में कर सकें। तो फिर जो सेन एलिमेंट्स हैं, जो लोग इस बात में विश्वास करते हैं कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए होना चाहिए, फिर शायद बातचीत भी ज्यादा कामयाबी से हो सकती है और ज्यादा बेहतर तरीके से हो सकती है ।

काश्मीर के बारे में जो बात हुई, मैं पूरी तरह कार साहब ने जो कुछ कहा है, मेरी पूरी हमदर्दी है उन बातों के साथ, जो आपने कहा, मैं भी यह मानता हूं कि वह इत्तिहाद के नजदीक लाने के, एकता के, इन सभी तरीकों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए । इसमें कोई शक नहीं है ।

अब माननीय सत्यप्रकाश मालवीय जी कह रहे थे काश्मीर के बारे में, मेरे बारे में कुछ कह रहे थे—बात सही है, मैं अक्सर जाता रहता हूं और मैं यह महसूस करता हूं कि जहां एक तरफ अखबार में छपने वाली कुछ घटनाएं ऐसी हैं, जिनके बारे में हमें पढ़ कर चिंता होती है, वहां दूसरी तरफ उन लोगों की कमी नहीं है काश्मीर की घाटी में जो राष्ट्र के प्रति समर्पित हैं । इसमें भी कोई शक नहीं है कि एक नहीं अनेक ऐसी मिसालें हैं, जहां विदेशी हमलावरों से मुकाबला भी सादे निहत्थे हाथों से श्रीनगर और काश्मीर के लोगों ने किया, इसलिए कि वह इस बात का तसव्वर भी नहीं कर सकते हिंदुस्तान में अलैहदगी का, उनके दिमाग में कोई तसव्वर भी नहीं कर सकते। इसमें कोई शक नहीं है और इसलिए उस इत्तिहाद को, बंधन को हम और मजबूत बनाते चले जाएं ।

आपने जो जज्बात का इजहार किया है, मैं उससे पूरी हमदर्दी रखता हूं और मैं

[श्री आरिफ मोहम्मद खान]

आपकी बात को मुतालिबात महकमों तक जरूर पहुंचाऊंगा ।

शाल साहब बहुत ज्यादा नाराज थे और कह रहे थे... (व्यवधान) नहीं, यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि शाल साहब मेरे साथ बहुत नाराज थे, कह रहे थे कि हमारे साथ—बहुत मौजूदा सरकार के लिए जो कुछ उन्होंने कहा, कहा । एक बात तो मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर कश्मीर में कोई वहां इलाकाई जमात है, उस जमात में इत्तिहाद बनी रहे, एकता बनी रहे, यह मरकजी सरकार के ऊपर जिम्मेदारी नहीं आती । यह जिम्मेदारी तो उसी पार्टी के अपने ऊपर आती थी ।

अब उन्होंने कहा कि वहां के लोग कहते हैं गुलशाही कर्फ्यू । असल में कश्मीर के लोग बड़े पुर-मजाक हैं और वह बड़े अच्छे जुमले कहते हैं । चन्द दिनों पहले एक लफ्ज वहां बहुत रायज था—वह भी आपको याद होगा—बहुत दिनों की बात नहीं है और मैं किसी के ऊपर इलजाम नहीं लगा रहा हूं, मैं तारीफ कर रहा हूं कि कश्मीर के लोग बहुत पुर-मजाक हैं और बहुत अच्छी बात कहते हैं और मैं समझता हूं कि जिस शख्स के अंदर यह सलाहियत हो कि वह अपने ऊपर हंस सके, वह यकीनन तौर पर आदमी होता है और बुरा आदमी नहीं होता है ।

तो वहां के लोगों में यह सलाहियत है और मेरा ताल्लुक सिर्फ यही नहीं कि मैं बहुत ज्यादा आता-जाता हूं, मेरे साथ युनिवर्सिटी में बहुत पढ़े हुए मेरे बहुत से दोस्त हैं वहां बहुत जगहों पर—पर शाल साहब शिकायत कर रहे थे कि बड़ी ज्यादतियां हैं वहां.... बड़ी ज्यादतियां हैं कर्फ्यू के बारे में बात करते हुए हमारे लोगों को जेल में भेजा जाता है, वहां ज्यादतियां होती हैं । मुझे आज भी वह रात याद है, शाल साहब ने तो जेल की ही बात की है, लेकिन ज्यादा वक्त नहीं गुजरा है अभी दो-ढाई साल पहले की बात है । जाड़े के दिन, दिल्ली में तो जाड़े की रात में उतनी ठंड होती होगी जितनी उस दिन वहां पर दिन को ठंड थी और सुबह दस बजे हमने चलना शुरू किया, अपने जम्हूरी हकूक का मुतालबा करने वालों को सिर्फ जेल नहीं भेजा गया बल्कि डंडे मार-मार कर उनकी जान भी ले ली गई । यह पुरानी बात नहीं है । चाहे आनन्द नाग का शौकत हो, चाहे बारामुला का खिजर मोहम्मद हो, वह कोई मामूली आदमी नहीं था, बहुत बड़ा किसान था । हर डंडे के साथ उससे कहा गया कि फिर कहो, आजाद हिन्दुस्तान जिंदाबाद । वह हर डंडे के साथ आजाद हिन्दुस्तान, जिंदाबाद, कहता रहा और डंडे खाता रहा और आखिर में उसने अपनी जान दे दी । यह बहुत पुरानी बात नहीं है । सारे अखबारात में छपा है और तफसीलात में छपा है । मुझे भी इसलिए वह रात याद है कि उस रात इतना जाड़ा था कि मुझे कार में अंगीठी लेकर बैठना पड़ता था । मैं रात को 12 बजे खिजर मोहम्मद के घर पहुंचा । इसलिए मैं उस रात को भूल नहीं पाऊंगा । इसलिए मैं यह बात कह रहा हूं कि अगर कहीं यह चीज है और अगर आपके लोगों के साथ भी ज्यादतियां हो रही हैं, मुझे आपके साथ हमदर्दी है और मैं यह समझता हूं कि ऐसा नहीं होना चाहिए ।

श्री गुलाम मोहिउद्दीन शाल : मैं इतना अर्ज करूं जहां तक इन चीजों का ताल्लुक है हमें तो इतना देखना है कि अगर माजी में कहीं कोई गलती होती है आपने उसके बारे में व्हाइट पेपर भी शाया किया है, गवर्नमेंट आफ् जम्मू-काश्मीर लेकिन फारूक या उसके किसी भी मिनिस्टर के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया, because all the charges were baseless.

श्री आरिफ मोहम्मद खान : मैंने किसी का नाम नहीं लिया था । मैंने सिर्फ यह कहा है कि हमारी सियासी तहजीब का यह बात हिस्सा नहीं बनना चाहती है, अगर हमारे किसी से सियासी इख्तलाफात हैं तो हम उसको गैर सियासी तरीकों से परेशान करने लगें । इसीलिए

मैंने कहा आज आपकी हकूमत वहां नहीं है और आप इसकी शिकायत कर रहे हैं । लेकिन अगर आप शिकायत कर रहे हैं तो मैं आपके साथ हमदर्दी का इजहार कर रहा हूं मैं सिर्फ यह कह रहा हूं कि मेरी हमदर्दी सिर्फ इंडिविजुअल मामले में नहीं है, मेरी हमदर्दी बुनियादी तौर पर इस बात के लिए है कि किसी भी शख्स के साथ ज्यादती नहीं होनी चाहिए और किसी के हाथ से भी नहीं होनी चाहिए । अगर आज हो रही है तो वह भी गलत है । दो साल पहले होती थी तो वह भी गलत है । आईंदा के लिए हमें तय करना चाहिए कि ऐसा नहीं होना चाहिए । जैसा मैंने पहले कहा इसलिए भी कहा कि इस बिल का मकसद बहुत महदूद है, सीमित है वह है कि जिस प्रकार पालियामेंट पहले ही अपनी राय का इजहार कर चुकी है, उसका दायरा काश्मीर तक ले जाएं । माननीय सदस्यों ने जो बातें कही हैं और मैंने नोट भी की हैं और मैं फिर भी यह बताना चाहूंगा, शायद मालवीय जी ने पूछा था कि इस बिल के बनने के बाद से कितने राज्यों में कोर्टस बने हैं और कितने केसिज का ट्रायल हुआ है । हरियाणा में 4 बने हैं, पंजाब में 4 बने हैं, उत्तर प्रदेश में तीन बने हैं, हिमाचल प्रदेश में दो बने हैं, सिक्किम में एक, चण्डीगढ में एक, दिल्ली में तीन और राजस्थान में भी हैं, इसमें नहीं दिया हुआ है । कुल मिलाकर 40 केसेज हैं । जाहिर है कि इतनी जल्दी अभी यह उम्मीद करना कि उनमें कोई निर्णय हो गया तो अभी ऐसा नहीं हुआ है । मैं समझता हूं कि उसमें कुछ वक्त लगेगा मुकदमों को चलाने में और उनका फैसला करने में । आपके माध्यम से मैं एक बार फिर यकीन दिलाना चाहूंगा कि जब शुरू में यह बिल आया था तो उस समय भी यह शंका व्यक्त की गई थी कि इसका नाजायज इस्तेमाल तो नहीं होगा, इसका राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ तो इस्तेमाल नहीं होगा ? लेकिन ऐसा नहीं हुआ है और न ऐसा होगा । यह बिल 4 P.M. सिर्फ उन लोगों का सामना करने के लिए है.....बीबीबी पर जारी यह बिल सिर्फ और सिर्फ उन लोगों का सामना करने के लिए है, जो आतंकवाद या हिंसा का सहारा लेकर चीजों को प्रभावी करना चाहते हैं । हमारे हाथ उनसे दोस्ती करने के लिए बढे हुए हैं जो देश की एकता और अखंडता, देश में सौहार्दपूर्ण वातावरण, अच्छा माहौल बनाने का काम करने के लिए तैयार हैं, उनसे बातचीत करने के लिए हम तैयार हैं, उनसे हाथ मिलाने के लिए हम तैयार हैं । लेकिन अपने हाथ में ताकत भी रखना चाहते हैं ताकि उन अनसिर का, उन तत्वों का भी मुकाबला किया जा सके, जो आतंकवाद या हिंसा का सहारा लेकर इस देश की एकता या अखण्डता को कमजोर करने की कोशिश करें, हमारे देश के वातावरण को खराब करने की कोशिश करें । मुझे विश्वास है कि माननीय सदस्य इस पर अपना पूरा समर्थन देंगे ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: The question is:

"That this House disapproves of the Terrorist and Disruptive Activities (Prevention) Amendment Ordinance,.. .1985 No. 4 of 198>5) promulgated by the President on the 5th June, 1985."

The motion wa$_s$ negatived.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I shall now put the motion moved ^{bv} Shri Arif Mohd. Khan t_0 vote. The question is:

"That the Bill to amend the Terrorist and Disruptive Activities (Prevention) Act, 1985, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now. we shall take up clause-by-olause consideration of the Bill. Clauses 2 and 3 *were added* to *the Bill. Clause* 1, *the Enacting Formula and the Title wdre added to the BUI.*

SHRI ARIF MOHD. KHAN: I move:

"That the Bill be passed."

The *question was put and the motion was adopted.*

THE AUROVILLE (EMERGENCY PROVISIONS) AMENDMENT BILL, 1985

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, we will take up the Auroville (Emergency Provisions) Amendment Bill, 1985. Shri K. C. Pant.

THE MINISTER OF EDUCATION (SHRI K. C. PANT): Madam, I rise to move that the Bill to amend the Auroville (Emergency Provisions) Act, 1980, be taken into consideration.

Madam, before the House begins a discussion on the Bill, I think it would be useful if the background of this proposal is briefly placed before the hon. Members. The International cultural township known as 'Auroville' was set up in 1968 where people of different countries could live together in harmony and in one community, who were expected to engage in cultural, educational and scientific and other pursuits. At the initiative of the Government of India, UNESCO passed resolutions in 1966, 1968 and 1970 commending, Auroville to those interested in UNESCO's ideals and inviting its Member-States and international governmental and non-governmental organisations to participate in the development of Auroville as an inernational cultural township to bring together the values of different cultures and civilisations in a harmonious environment with a decency for living which correspond to man's physical and spiritual needs. Funds for the development of Auroville were provided by different organisations in and outside India. Substantial grants were also made for the purpose by our Cfentral and State Governments. Sri Aurobindo Society, a non-governmental organisation, was a major channel for these funds. The society is quite distinct from Sri Aurobindo Ashram and Auroville.

Serious problems arose after, the Mother left her body in 1973. The complaints were subsequently received with regard to misuse of funds by Sri Aurobindo Society and a Committee was set up in 1976 under the Chai[rmansn]ip of Lt. Governor of Pondicherry to enquire into the same. After a detailed scrutiny of the amounts of Sri Aurobindo Society as also a report of the Audit team, the Committee found instances of serious irregularities in the management of the said society, mis-utilisation of its funds and their diversion to othe[r] purposes.

Since the Government of India was interested in the orderly and systematic development of Auroville, it made several attempts to bring about an amicable solution to various problems and disputes. However, as se'rious difficulties had arisen with regard to the management of Auro ville, the President of India, pro mulgated an Ordinance on the 10tb of November, 1980 to provide for taking over, in the public interest, of the management of Auroville for a limited period. The Auroville Ordidance was subsequently replaced by the Auroville (Emergency Pro visions) Act, on the 17th December, 1980. The Auroville Act vested the powers of management of the pro perty relatable to Auroville in the Central Government for a maximum period of f e years. Initially, the take over of the management was for a period of two years from the 10th of November, 1980 but it has been extended on year to year basis upto November, 1985. Under the provisions of the Act, however, Shri Aurobindo Society challenged the take over cf the management by the Government of India in the High Court of Calcutta and later, in the Supreme Court, Because of the interim directions given by the Supreme Court, the Act could not come into full operation until November, 1982 when the Supreme Court upheld the validity of the Act. Thus, a period